मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-104
01/02/2023

# मुख्यमंत्री ने 'समाधान यात्रा' के क्रम में सुपौल जिले में विकास योजनाओं का लिया जायजा, समस्याओं के समाधान हेतु अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा–निर्देश

**पटना, 01 फरवरी 2023 :–** मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज 'समाधान यात्रा' के क्रम में सुपौल जिले में विभिन्न विभागों के अंतर्गत चल रही विकास योजनाओं का जायजा लिया।

मुख्यमंत्री ने सुपौल जिलान्तर्गत सदर प्रखंड के मल्हनी पुनर्वास टोले का भ्रमण कर हर घर नल का जल एवं मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाइट योजना आदि का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने जिला अल्पसंख्यक कल्याण कार्यालय, जिला लोक शिकायत निवारण कार्यालय, जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र, जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग एवं समाज कल्याण विभाग द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना अंतर्गत 10 छात्रों को, जबकि मुस्लिम परित्यक्ता/तलाकशुदा महिला सहायता योजना अंतर्गत 10 महिलाओं को सांकेतिक चेक मुख्यमंत्री द्वारा प्रदान किया गया। बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के लाभुक छात्रों को मुख्यमंत्री ने सर्टिफिकेट प्रदान किया। मुख्यमंत्री निःशक्तजन विवाह प्रोत्साहन अनुदान योजना, मुख्यमंत्री अंतर्जातीय विवाह प्रोत्साहन अनुदान योजना और मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना के लाभुकों को भी सांकेतिक चेक प्रदान किया गया। जीविका दीदियों द्वारा कृषि आधारित उद्यम के तहत उत्पादित की जा रही एवं निर्मित वस्तुओं से संबंधित लगाई गई प्रदर्शनी का मुख्यमंत्री ने अवलोकन किया।

मुख्यमंत्री ने जीविका दीदियों से बातचीत के क्रम में कहा कि मखाने से तरह–तरह के फ्लेवर युक्त विभिन्न तरह के उत्पाद आपलोग बना रहे हैं इसकी पैकेजिंग भी कर रहे हैं लोग इसे काफी पसंद कर रहे हैं, यह जानकर मुझे बहुत खुशी हो रही है। हमारी इच्छा रही है कि देश की हर थाली में बिहार का एक व्यंजन हो। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के तहत अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अतिपिछड़ा वर्ग एवं महिलाओं को मिलने वाली मदद से संबंधित वित्त प्रदत्त इकाइयों की प्रदर्शनी का मुख्यमंत्री ने अवलोकन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के तहत 59 लाभुकों को मुख्यमंत्री ने सांकेतिक चेक प्रदान किया। मल्हनी पुनर्वास टोला में मुख्यमंत्री अति पिछड़ा वर्ग उद्यमी योजना के अंतर्गत वित्त प्रदत्त इकाई सोफी आटा, सत्तू एवं बेसन उद्योग का मुख्यमंत्री ने फीता काटकर उद्घाटन किया। समेकित मुर्गी विकास योजना अंतर्गत बिहार सरकार द्वारा अनुदानित व्हाइट गोल्ड लेयर पॉल्ट्री फॉर्म का मुख्यमंत्री ने निरीक्षण किया। बिहार महादलित विकास मिशन, अनुसूचित जाति–अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का भी मुख्यमंत्री ने अवलोकन किया। इस दौरान दिव्यांगजनों के बीच बैट्री चालित ट्राई साइकिल की चाबी का वितरण किया गया। मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि जो भी जरूरतमंद दिव्यांगजन हैं उन सभी को चिह्नित कर बैट्री चालित ट्राई साइकिल उपलब्ध कराएं। उत्क्रमित मध्य विद्यालय मल्हनी टोला, हसना परिसर में जीविका द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का मुख्यमंत्री

ने अवलोकन किया। इस दौरान सतत् जीविकोपार्जन योजना अंतर्गत जीविका समूहों से जुड़े कुल 331 परिवारों को 1 करोड़ 18 लाख 20 हजार रुपये का सांकेतिक चेक जीविका दीदियों को मुख्यमंत्री ने प्रदान किया।

मुख्यमंत्री ने उत्क्रमित मध्य विद्यालय मल्हनी टोला, हसना में छठे राज्य वित्त आयोग की योजना से निर्मित पुस्तकालय का फीता काटकर एवं शिलापट्ट का अनावरण कर उद्घाटन किया। उद्घाटन के पश्चात् पुस्तकालय का निरीक्षण किया। विद्यालय में चल रहे पठन–पाठन का भी मुख्यमंत्री ने जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने विद्यालय परिसर में निर्मित वर्षा जल संचयन कार्य का शिलापट्ट का अनावरण कर उद्घाटन किया।

पत्रकारों से बात करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि कुसहा त्रासदी के समय वर्ष 2008 में इस इलाके में काफी नुकसान हुआ था। इसको लेकर सरकार के द्वारा पुनर्वास कराया गया है। इसी को देखने के लिए हमलोग यहां आये हैं। सरकार के द्वारा जो काम कराये गये हैं उसे देखने आये हैं। अगर कहीं कोई कमी रह गई है तो उसे पूरा कराने को लेकर हमलोग घूम रहे हैं। लोगों से बातचीत के क्रम में जो कमियां सामने आती हैं, उसके समाधान के लिए अधिकारियों को निर्देश दिया जाता है। लोगों से सारी जानकारी ले रहे हैं कि आगे और क्या करने की जरुरत है। जीविका दीदियां काफी अच्छा काम रही है। आज स्कूलों में कितना परिवर्तन आया है। इस स्कूल के बच्चे अंग्रेजी काफी अच्छा बोल रहे हैं। सभी इलाका काफी डेवलप कर रहा है। हमलोगों ने स्कूलों को लेकर शुरू से काम किया है, जिसका परिणाम आज दिख रहा है।

पंचायत सरकार भवन, मल्हनी में जल–जीवन–हरियाली योजनान्तर्गत निर्मित तालाब को पृथ्वी जीविका ग्राम संगठन से जुड़ी जीविका दीदियों को मुख्यमंत्री ने हस्तांतरित किया। मुख्यमंत्री ने तालाब में मछली भी छोड़ा।

मुख्यमंत्री ने जिला मुख्यालय स्थित सहकार भवन के शिलापट्ट का अनावरण कर निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। अनुमंडल कार्यालय निर्मली स्थित नवनिर्मित 100 आसन वाले राजकीय अंबेडकर कल्याण छत्रावास के शिलापट्ट का अनावरण एवं फीता काटकर मुख्यमंत्री ने उद्घाटन किया। पंचायत सरकार भवन परिसर में मुख्यमंत्री ने पौधारोपण भी किया। पंचायत सरकार भवन के समीप अवस्थित आंगनबाड़ी केंद्र संख्या–136 के शिलापट्ट का अनावरण कर मुख्यमंत्री ने जीर्णोद्धार किये गये कार्य का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने मल्हनी प्राथमिक कृषि साख सहयोग समिति लिमिटेड का भी निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत नवनिर्मित अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई, मल्हनी के शिलापट्ट का अनावरण एवं फीता काटकर उद्घाटन किया। उद्घाटन के पश्चात् मुख्यमंत्री ने स्थल का निरीक्षण भी किया।

भ्रमण के क्रम में मुख्यमंत्री ने स्थानीय लोगों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं एवं संबंधित अधिकारियों को उनके यथाशीघ्र समाधान हेतु निर्देश दिया।

स्थानीय जनप्रतिनिधियों, नेताओं एवं जिला प्रशासन द्वारा मुख्यमंत्री का अभिनंदन किया गया। भ्रमण के दौरान ग्रामीणों ने जगह–जगह मुख्यमंत्री का स्वागत किया।

भ्रमण के दौरान वित्त, वाणिज्य कर एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, ऊर्जा सह योजना एवं विकास मंत्री श्री बिजेंद्र प्रसाद यादव, मंत्री जल संसाधन, सूचना एवं जन–संपर्क सह सुपौल जिले के प्रभारी मंत्री श्री संजय कुमार झा, मंत्री अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति कल्याण श्री संतोष कुमार सुमन, शिक्षा मंत्री श्री चंद्रशेखर, पुलिस महानिदेशक श्री आर0एस0 भट्टी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ० एस० सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, सचिव अनुसूचित जाति/जनजाति कल्याण श्री देवेश सेहरा, कृषि सचिव श्री एन0 सरवन, जीविका के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी सह मिशन निदेशक

जल–जीवन–हरियाली अभियान श्री राहुल कुमार, आयुक्त कोशी प्रमंडल श्री मनोज कुमार, पुलिस उप महानिरीक्षक कोशी प्रक्षेत्र श्री शिवदीप लांडे, जिलाधिकारी श्री कौशल कुमार, पुलिस अधीक्षक श्री डी0 अमरकेश सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

******